ने आवेदन के लिए पंजीयन कराया था, वहीं शेष नौ विषयों में छात्रों का संकट नामांकन शेड्यूल का पालन नहीं हो सि

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 4 को

- सरकारी व निजी स्कूलों के छात्र लेंगे भाग
- एमपी हाईस्कूल परिसर में होगा आयोजन

सीतामढ़ी, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि। जिले के स्कूली बच्चों में वैज्ञानिक चेतना का विकास कराने को लेकर विज्ञान मॉडल का प्रदर्शनी लगाया जाएगा। इसके तहत 31 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जिलास्तरीय आयोजन चार अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। इसमें सभी सरकारी व सीबीएसई से मान्यताप्राप्त निजी स्कूलों के बच्चे भाग ले सकेंगे।

जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन जिला मुख्यालय डुमरा स्थित एमपी हाईस्कूल परिसर में होगा। आयोजन को सफल बनाने को लेकर डीईओ प्रमोद कुमार साहू ने सभी सरकारी मिडिल, हाईस्कूलों, परियोजना स्कूलों के अलावा सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों व विज्ञाल क्लब के सचिव को दिशानिर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि जिला स्तरीय आयोजन में बच्चों के बेहतर परियोजना के साथ भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बच्चों के बेहतर प्रोजेक्ट का निर्माण की तैयारी कराने के लिए गत पांच जुलाई को रिसोर्स शिक्षकों का एक दिवसीय दिशानिर्देशन कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

उन्होंने कहा है कि विज्ञान व प्रावैद्यिकी विभाग के निदेशक के आदेश के आलोक में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के कार्यक्रम का आयोजन जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर श्रृंखलाबद्ध रूप में होना है। इस वर्ष -प्रोजेक्ट का विषय ह्य स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझनाह्न है।

स्कूलों को कराना है ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन: डीईओ ने कहा है कि जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी संबंधित स्कूलों को अब 25 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन कराना है। रजिस्टर्ड स्कूलों की सूची एससीईआरटी पटना को भेजी जाएगी। रजिस्ट्रेशन कराने के लिए हेल्प लाइन नंबर 8797711382 जारी की गई है।

29 को जमा करना है परियोजना रिपोर्ट की छायाप्रति: शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन व बाल विज्ञान कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में चार अक्टूबर को आयोजित होने वाली 31 वी राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जिला स्तरीय आयोजन में भाग लेने वाले बाल वैज्ञानियों द्वारा तैयार की गई परियोजना रिपोर्ट की छायाप्रति 29 सितंबर को जमा कराना अनिवार्य है।

21.09.2023

न्यूमेरिकल सवालों ने किया परेशान